# SANTA CLARA काउंटी

## चुनाव प्रशासनिक योजना

## परिशिष्ट

# विषय-सूची


प्रस्तावना....................................................................................................................................3

मतदान केंद्र के स्थान....................................................................................................................3

अद्यतित भाषा सहायता..................................................................................................................3

पहुंच पद्धति..................................................................................................................................5

# प्रस्तावना

आगामी 3 नवंबर, 2020 के राष्ट्रपति पद के आम चुनाव की प्रत्याशा में, मतदाता रजिस्ट्रार (ROV) ने मौजूदा चुनाव प्रशासनिक योजना के लिए मतदान केंद्र की अद्यतित आवश्यकताओं, काउंटी द्वारा बोली जाने वाली भाषाओं के परिवर्धन, और अद्यतित पहुंच पद्धति से खास तौर पर निपटने के लिए एक परिशिष्ट बनाया है।

# मतदान केंद्र के स्थान

3 जून, 2020 को राज्यपाल Newsom ने कार्यकारी आदेश N-67-20 जारी किया। इस आदेश में, उन्होंने चुनाव दिवस से दस (10) दिन पहले और चुनाव दिवस सहित कुल ग्यारह (11) दिनों के लिए मतदान केंद्रों को खोलने की आवश्यकता को हटा दिया है। इस परिशिष्ट के लेखन के समय, ROV एक सौ (100) 4-दिवसीय शुरुआती मतदान केंद्र प्रदान करेगा, जिसके लिए चुनाव दिवस से पहले मतदान केंद्रों को तीन (3) दिनों और चुनाव दिवस सहित, कुल (4) दिनों के लिए खोलने की आवश्यकता होगी। 4-दिवसीय मतदान केंद्रों की संख्या की आवश्यकता प्रत्येक 10,000 पंजीकृत काउंटी मतदाताओं के लिए एक मतदान केंद्र पर आधारित है। 3 नवंबर, 2020 के राष्ट्रपति पद के आम चुनावों तक पंजीकृत मतदाताओं की अनुमानित संख्या के आधार पर, ROV को कम से कम एक सौ (100) मतदान केंद्रों को खोलने की आवश्यकता होगी।

मतदान केन्द्रों का अद्यतित विभाजन इस प्रकार किया गया है:

| मतदान केंद्रों की अनुमानित संख्या | | | |
|---|---|---|---|
| **सीमा-रेखा श्रेणी** | **न्यूनतम आवश्यकता** | **प्रस्तावित संख्या** | **अंतिम रूप दी गई संख्या** |
| 4-दिवसीय मतदान केंद्र (प्रत्येक 10 हज़ार पंजीकृत मतदाताओं के लिए 1) | 100 | 100 | तय किया जाना बाकी है |

यह गणना काउंटी के प्रत्येक 10,000 पंजीकृत मतदाताओं के लिए एक मतदान केंद्र होने पर आधारित है। 3 नवंबर, 2020 के राष्ट्रपति पद के आम चुनावों तक पंजीकृत मतदाताओं की अनुमानित संख्या के आधार पर, ROV को कम से कम 100 मतदान केंद्रों की आवश्यकता होगी।

# अद्यतित भाषा सहायता

मई 2020 में, राज्य सचिव के कार्यालय ने चुनाव कोड (EC) 4201, भाषा अल्पसंख्यक निर्धारण के तहत राज्य द्वारा अनिवार्य की गईं नई भाषाओं को शामिल किया। उन भाषाओं में से पांच भाषाएं Santa Clara काउंटी की आवश्यक भाषाओं में जोड़ी गईं: गुजराती, नेपाली, पंजाबी, तमिल और तेलगू।

ROV इन राज्य द्वारा अनिवार्य की गईं नई भाषाओं में निम्नलिखित सेवाएँ प्रदान करेगा:

| राज्य द्वारा अनिवार्य की गईं नई भाषाएं | अनुवादित सामग्री और सेवाएँ | प्रतिकृति मतपत्र |
|---|---|---|
| ▪ **गुजराती,**<br>▪ **नेपाली,**<br>▪ **पंजाबी,**<br>▪ **तमिल**<br>▪ **तेलुगू** | • EC 14201 के अनुसार सभी मतदान केंद्रों में लक्षित उपक्षेत्र के लिए उत्पादित प्रतिकृति मतपत्र<br>• CVIGs में प्रिंट की गई सभी भाषाओं में उपलब्ध प्रतिकृति मतपत्र आवेदन<br>• EC 14201 के अनुसार काउंटी की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रतिकृति मतपत्र आवेदन<br>• मतदान केंद्र पर लगने वाले संकेत और निर्देश<br>• VBM आवेदन<br>• मतदाता का कार्रवाई अनुरोध फॉर्म (VARF)<br>• ROV और मतदान केन्द्रों पर बहुभाषी स्टॉफ | सम्पूर्ण प्रतिकृति मतपत्र का अनुवाद:<br>• शीर्षक<br>• निर्देश<br>• क्षेत्राधिकारों के नाम<br>• वर्ण-आधारित भाषा लिप्यंतरण<br>• मतपत्र पदनाम<br>• विधेयक के लेबल |

प्रतिकृति मतपत्र ऐसे नमूना मतपत्र हैं जो मतदाता मतदान के समय संदर्भ के रूप में उपयोग कर सकते हैं। Santa Clara काउंटी, मतदाता रजिस्ट्रार लक्षित मतदान केंद्रों में पांच अतिरिक्त भाषाओं में प्रतिकृति मतपत्र तैयार करेंगे। प्रतिकृति मतपत्र की प्रतियाँ निजी मतदान करते समय उपयोग करने के लिए निर्दिष्ट वोट केंद्रों में मतदाताओं के लिए उपलब्ध होंगी। प्रतिकृति मतपत्र देखने में एक नियमित मतपत्र से अलग होना चाहिए ताकि मतदाताओं को प्रतिकृति मतपत्र पर मतदान करने के प्रयास से रोका जा सके। मतदाता द्वारा अनुरोध किए जाने पर मतदान केंद्र कार्यकर्ताओं को मतपत्रों की प्रतिकृति प्रतियों के अस्तित्व के बारे में सूचित करने और प्रतिकृति मतपत्र कैसे प्रदान किया जाए, के उद्देश्य से प्रशिक्षित किया जाएगा। काउंटी (अंग्रेजी, चीनी, स्पेनिश, टैगालॉग, वियतनामी, खमेर, कोरियाई, हिंदी, जापानी, गुजराती, नेपाली, पंजाबी, तमिल और तेलुगु) द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी 14 भाषाओं में संकेत लक्षित उपक्षेत्र मतदान केंद्रों में ई-पोलबुक्स के पास लगाए जाएंगे जो मतदाताओं को मतपत्र के प्रतिकृति मतपत्र की मौजूदगी की सूचना देंगे।

सभी काउंटी मतदाता सूचना मार्गदर्शिकाओं में एक प्रतिकृति मतपत्र आवेदन और सभी 14 भाषाओं में एक सूचना शामिल होगी जिसमें मतदाताओं को सूचित किया जाएगा कि मतदाताओं के लिए प्रतिकृति मतपत्र मतदान केंद्रों पर और चुनाव संहिता 14201 के अनुसार अनुरोध किये जाने पर उपलब्ध हैं। उन मतदान केंद्रों की पहचान करती एक सूची काउंटी की वेबसाइट पर चुनाव से कम से कम 14 दिन पहले प्रकाशित की जाएगी जहाँ प्रतिकृति मतपत्र की प्रतियाँ उपलब्ध हैं।

# पहुंच पद्धति

राज्य और काउंटी द्वारा अनुशंसित स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी सलाह के तहत, 3 नवंबर, 2020 के राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए पहुंच के सभी व्यक्तिगत तरीकों को वैकल्पिक तरीकों से बदल दिया जाएगा। उन वैकल्पिक पहुंच के तरीकों में वर्चुअल मीटिंग और वर्कशॉप, सूचनात्मक ग्राफिक्स की सोशल मीडिया पोस्टिंग और शैक्षिक जानकारी, प्रिंट साहित्य का वितरण और पहचाने गए लोकप्रिय सामुदायिक स्थानों पर पोस्टिंग किया जाना शामिल हैं।

मतदाता शिक्षा और पहुंच टीम पहुंच के किसी भी दृष्टिकोण, चिंताओं और प्रतिक्रिया पर चर्चा करने के लिए सामुदायिक भागीदारों के साथ आभासी मासिक मतदाता शिक्षा और पहुंच समिति की बैठकों की मेजबानी करेगी। हम हर वर्चुअल भाषा अभिगम्यता सलाहकार समिति और मतदान अभिगम्यता सलाहकार समिति की बैठकों में भी अपडेट्स देने के लिए मौजूद रहेंगे। पांच नई भाषाओं (गुजराती, नेपाली, पंजाबी, तमिल और तेलुगु) के जुड़ने के साथ, ROV और पहुंच टीम अब 14 भाषाओं में सेवाएं प्रदान करती है। ROV की अनुवादित प्रिंट और डिजिटल सामग्री तैयार करके प्रत्येक भाषा की मांग को संबोधित करने की योजना है।

साथ ही, ROV राज्य और स्थानीय अधिकारियों के साथ काम कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि व्यक्तिगत मतदान केंद्र उन मतदाताओं के लिए सुरक्षित और सुलभ होंगे जिन्हें उनकी आवश्यकता है। ROV मतदाताओं को सूचित करने के लिए संदेश बनाएंगे कि व्यक्तिगत मतदान कहाँ उपलब्ध है और सामाजिक दूरी और व्यक्तिगत सुरक्षात्मक उपकरण सहित उनकी सुरक्षा के लिए क्या सुरक्षा सावधानियाँ बरती जाएंगी। हम काउंटी में सभी स्थानों तक लोगों को सूचना का प्रसार करने में उनकी सहायता करने के लिए सामुदायिक साझेदारों, नागरिक सलाहकार समूहों और अन्य संबंधित काउंटी एजेंसियों के साथ हमारी व्यापक सूची के साथ इस जानकारी का प्रसार करेंगे।

# दूरस्थ अभिगम्य डाक द्वारा मतदान

3 नवंबर, 2020 के राष्ट्रपति पद के आम चुनाव के लिए, California कानून सभी पंजीकृत मतदाताओं को अपने मतपत्रों को ऐक्सेस करने, डाउनलोड करने, मतदान करने और प्रिंट करने के लिए दूरस्थ अभिगम्य डाक द्वारा मतदान (RAVBM) प्रणाली के इस्तेमाल की इजाज़त देता है। RAVBM प्रणाली का उद्देश्य इंटरनेट पर मतदान करना नहीं है। RAVBM मतदाताओं को अपने आधिकारिक मतपत्र तक पहुंचने के लिए एक लिंक के साथ एक ईमेल भेजा जाता है, जिसमें अपने मतपत्र को पूरा करने के निर्देशों के साथ, अपने मतपत्र को डाउनलोड करने, प्रिंट, पूरा करने और चुनाव के दिन इसे ROV को वापस करने के निर्देश शामिल होते हैं। मतदाताओं को, ईमेल किए गए लिंक का उपयोग करते हुए, अपनी सहायक तकनीक के साथ मतपत्र को पढ़ने और चिह्नित करने के लिए अपने उपकरणों पर मतपत्र डाउनलोड करना होगा। किसी भी पंजीकृत मतदाता की तरह ही, कोई RAVBM मतदाता अपना मतपत्र तीन तरीके से लौटा सकता है: मानक डाक द्वारा, मतपत्र ड्रॉप-बॉक्स में अपना मतपत्र डालकर या किसी भी मतदान केंद्र पर इसे लौटाकर।